तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026



कलश यात्रा के साथ सरिया में नवधा रामायण शुरू
9 दिनों तक श्रद्धालु करेंगे श्रीराम कथा का रसपान





## खबर संक्षेप



### प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए जिलाध्यक्ष

**रायगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग छाल मंडल के प्रथम दिवस के सत्र कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय को रखने का दायित्व निभाते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा यह मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने का यह अभियान निश्चित रूप से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण प्रेरणादायक रहा।

### कौशलेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्रि प्रारंभ

**कोसीर।** कोसीर के ऐतिहासिक मंदिर आदि शक्ति माँ कौशलेशवरी के पावन धाम मे नवरात्रि परव की शुरुआत हो चुकी है आज शुरू दिन पुरी विधि विधान के साथ पुजा पाठ किया गया भव्य कलश यात्रा के साथ माता शैल पुत्री की विधि विधान से पुजा पाठ किया गया जिसके फलसवरूप आसपास अचल सहित गांव के लोग भारी संख्या मे उपस्थित हुए सभी ने श्रद्धा भाव के साथ पूजा-पाठ कर माता की जय कारे लगाए। विदित हो की कोसीर की यह मंदिर बहुत ही पुरानी व इसके रहस्य मय कहानी है वही आसपास पुरे अचल के एकमात्र स्थान है जिसके फलस्वरूप यहां भक्तो की काफी भीड लगती है आस पास अचल से भक्त गण भारी सख्या मे पहुंच कर अपनी मुरादें पुरी करते है और बताया जाता है जिसने भी अपने मन मे मुरादें लेकर माता की मंदिर पहुंचा है उसके इच्छा जरूर पुरी हुईं है ऐसे भक्तो की कहना है जिसके फलस्वरूप दुर दराज से लोग भारी संख्या मे पहुंच कर माता की दर्शन कर खुशी पृगट करते है।

### स्कूटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चोरी हुई स्कूटी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्कूटी बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। दीपक निषाद 48 निवासी बाजीरावपारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । 04 मार्च को वह अपने दोस्त को गोपालपुर छोड़कर लौट रहा था। बोईरदादर चौक से पहले उसने स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एडी 6405 को सड़क किनारे चाबी लगी स्थिति में खड़ी कर दी और नीचे उतरकर गया। इसी दौरान अज्ञात चोर स्कूटी चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर धारा 303,3 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस की संयुक्त टीम ने गोवर्धनपुर शराब दुकान के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को स्कूटी के साथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भूपेन्द्र शर्मा 55 निवासी ग्राम खम्हार बताया। पूछताछ में स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी स्कूटी को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। चोरी की स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एडी 6405 बरामद कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया है।

### दिलमोती ने लोहे के हुनर से बदली अपनी जिंदगी

**रायगढ़।** विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत चुहकीमार के आश्रित ग्राम औरानारा की रहने वाली दिलमोती अगरिया आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने हुनर और मेहनत के दम पर न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि आजीविका का स्थायी साधन भी खड़ा किया। दिलमोती अगरिया एकता समूह से जुड़ी हुई हैं, जो महामाया संकुल संगठन कुड़ेकेला के अंतर्गत कार्यरत है। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज के माध्यम से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली।

## महीनों से लटका है मामला, तीन मोहल्ले में 58 को जारी किया गया है नोटिस

# सरकारी जमीनों पर कब्जा, आदेश के बाद नहीं हटा पा रहे अधिकारी

**अब एक नया मामला आ गया बोदाटिकरा का, यहां भी सरकारी जमीन में बने हैं 47 घर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी जमीनों से कब्जाधारियों को बेदखली करना टेढ़ी खीर है। अधिकारियों ने बेदखली आदेश तो जारी कर दिया, लेकिन उस पर अमल नहीं करते। इसकी बानगी तहसीलदार द्वारा तीन मोहल्ले में 58 कब्जाधारियों को बेदखली नोटिस जारी किया गया था, लेकिन अब तक हटाया नहीं जा सका है।

अब एक और मामला इसमें जुड़ गया है बोदाटिकरा का। यहां भी सरकारी जमीन पर करीब 47 घर बन चुका है। इसका रिपोर्ट एसडीएम ने पटवारी से मांगा है। रायगढ़ तहसील के तहत आने वाले बांजीनपाली में करीब 27, बड़े अंतरमुड़ा में 26 और भगवानपुर में 1 को बेदखली नोटिस जारी किया गया था। भगवानपुर में घर को तोड़ने भी पहुंच गए थे, लेकिन बैरंग लौटना पड़ा, क्योंकि वहां भी राजनीति हो गई। इसी तरह बांजीनपाली में बेदखली नोटिस के बाद भी कब्जा हटाने में अधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। बड़े अंतरमुड़ में भी इसी तरह के हालात हैं। यहां भी 26 को बेदखली आदेश जारी किया गया था, लेकिन अब तक एक भी कब्जा नहीं हटा सकें हैं। यदि हटा नहीं सकते तो आदेश ही जारी क्यों करते हैं यह सवाल लोग उठा रहे हैं। सरकारी जमीन को बचाने में अधिकारी भी रुचि नहीं ले रहे हैं।

**महीनों बीत चुका है आदेश को**

तीनों मोहल्ले का बेदखली आदेश को महीनों गुजर चुका है, लेकिन कार्रवाई एक कदम आगे नहीं बढ़ी है। अब तो आगे बढ़ने की उम्मीद भी नहीं है। जानकारी मिली है यहां भी राजनीति आड़े आ रही है। तहसीलदार ने बेदखली आदेश जारी करने के बाद इसकी अनुमति कलेक्टर से लेने की पहल की है या नहीं यह तो पता नहीं, लेकिन कब्जा हटाना इतना आसान भी नहीं है।

**दोनों जगह है विवाद**

बेदखली आदेश जारी करने के बाद कई लोगों ने कोर्ट में याचिका भी दायर कर दिया है। दूसरी ओर कुछ विवाद भी यहां होने की जानकारी मिल रही है। इसके कारण अब तक हटाने की कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि जितने लोगों को आदेश जारी किया गया था उसमें से कुछ जमीनों पर ही विवाद है या फिर कोर्ट में याचिका लगाई गई है, बाकी को हटाया जा सकता है।

# दो ट्रकों में लोड 48 टन से अधिक स्क्रैप जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा पुलिस ने बीते 17 मार्च को ओड़िशा पासिंग ट्रक क्रमांक ओआर 07 डब्लू 8355 में लोड 22.75 टन अवैध स्क्रैप जब्त किया था। आरोपित राजेश यादव पिता गया प्रसाद यादव 20 निवासी नसरतपुर थाना धनर्वा जिला पटना बिहार से जब्त कर आरोपित पर वैधानिक कार्रवाई की गई थी।

वहीं 18 मार्च को पुलिस को अग्रोहा प्लांट के पास ट्रक क्रमांक ओडी 15 जी 2795 में अवैध स्क्रैप कबाड़ लोड कर खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां चालक उपन्यास कुमार 20 निवासी भोजपुर बिहार मिला। इसके पास स्क्रैप के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं था। ट्रक में लोड 25.660 टन स्क्रैप कीमत लगभग 8 लाख 46 हजार 780 रुपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 35,क,ड 303,2 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में ट्रक क्रमांक ओडी 15 जी 2795 कीमत लगभग 10 लाख तथा 25,660 टन स्क्रैप कीमत लगभग 8 लाख 46 हजार 780 कुल 18 लाख 46 हजार रुपए की संपत्ति की जब्ती की गई है ।

**लावारिस ट्रक से कबाड़ जब्त**

रात्रि गश्त के दौरान तमनार चौक के पास एक 12 चक्का ट्रक क्रमांक ओआर 14 आर 9011 लावारिस हालत में खड़ा मिला, जिसमें लोहे एवं टीन का कबाड़ लोड था। चालक का कोई पता नहीं चला। संदेह के आधार पर उक्त वाहन को धारा 106,1 बीएनएसएस के तहत जब्त कर वाहन स्वामी की पतासाजी की जा रही है।

# 2 आरोपी से 6 किलो गांजा जब्त बाइक से कर रहा था तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवां



थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 18 मार्च को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति बिना नंबर वाले मोटरसाइकिल में मादक पदार्थ लेकर भटगांव की ओर आ रही है कि सूचना पर घेराबंदी कर रोका गया जिसे पूछने पर अपना नाम रंजू साहू ग्राम बलगी कोरबा तथा दूसरा व्यक्ति लक्ष्मण दास मानिकपुरी ग्राम नवापारा कटघोरा का रहने वाला बताया जिसे विधिवत नोटिस देकर तलाशी पंचनामा तैयार कर तलाशी लिया गया।

मोटरसाइकिल के ऊपर में रखें लाल रंग की बैग एवं डिक्की को तलाशी लेने पर बैग एवं डिक्की में प्लास्टिक झिल्ली से भरा मादक पदार्थ गांजा को बरामद कर आरोपी रंजू साहू पिता बाबूलाल साहू उम्र 36 साल साकीन बलगी शांतिनगर थाना बाकी मोगरा जिला कोरबा, लक्ष्मण दास मानिकपुरी पिता कालिदास उम्र 36 साल निवासी नवागांव थाना कटघोरा जिला कोरबा के कब्जे से कुल 06 किलो मादक पदार्थ कीमती 30 हजार तथा मोटरसाइकिल यूनिकॉर्न कीमती 40 हजार रुपए जुमला कीमती 70 हजार को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड भेजा गया।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपरसत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा के न्यायालय ने हत्या के आरोपी अलवंन तिग्गा को उसकी पत्नी ग्रेस तिग्गा की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा एक हजार अर्थ दण्ड से दंडित करने का दण्डा देश दिया।

मामले का संक्षिप्त विवरण देते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना लैलूंगा के अपराध के अनुसार घटना 16 अप्रैल की है। सूचक अल्फोंन तिग्गा ने थाना लैलूंगा मैं उपस्थित होकर सूचना दिया कि उसके ससुर अभियुक्त अलवन तिग्गा द्वारा उसकी सास श्रीमती ग्रेस तिग्गा के साथ 15 अप्रैल 2022 की शाम 7- 8 बजे के बीच खाने पीने की बात को लेकर विवाद हुआ। पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने अपनी पत्नी के गले छाती में टांगी से तीन-चार बार वार कर दिया। पति के हमले से पत्नी की मौत हो गई। मनोज एक्का के द्वारा फोन से घटना की सूचना अल्फोंन तिग्गा को दी गई। सूचना कर्ता अपने ससुराल में जाकर देखा तो उसकी सास घर के अंदर चित हालत में पड़ी थी तथा उसके गले एवं छाती में तीन चार जगह गहरी चोट के निशान थे। सूचक अल्फोंन तिग्गा ने घटना के बारे में जोसेफ बड़ा, जगलाल डेल्की, राकेश किंडो एवं ललित कुमार राठिया को बताया था। सूचना के आधार पर तत्कालीन विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक बीएस पैंकरा ने थाना लैलूंगा के अपराध के अनुसार अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना किया। विवेचना उपरांत अभियुक्त अलवंन तिग्गा के अपराध किया जाना पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने विचारण के दौरान उभय पक्ष को सभी साक्षियों का परीक्षण प्रति परीक्षण का अवसर दिया तथा उभय पक्ष के तर्क श्रवण करने के पश्चात मामले में आरोपी अलवंन तिग्गा को उसकी पत्नी श्रीमती ग्रेस तिग्गा की हत्या का दोषी ठहराया और धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं एक हजार अर्थ दंड से दंडित किए जाने का दंडादेश दिया। विद्वान न्यायालय ने मृतिका ग्रेस तिग्गा के आश्रितों को 10 लाख की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अनुशंसा की है मामले में राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।



**आरोपी ने टांगी से वार कर पत्नी को उतारा था मौत के घाट**

# लूट की नीयत से किया बोतल से हमला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** 17 मार्च की रात लूट की नियत से बोतल से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनहें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रार्थी नितेश गुप्ता 28 निवासी ढिमरापुर प्यासा मैदान ने 18 मार्च की रात कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया । 17 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अपने स्कूटी से बड़े रामपुर स्थित बीयर लेने गया था। बीयर खरीदकर लौटते समय रोड किनारे खड़ी स्कूटी की डिक्की में बोतल रखते समय इंदिरानगर निवासी राजा खान एवं अफसर खान ने उससे विवाद किया। विवाद के दौरान आरोपी राजा खान ने बीयर की बोतल सिर पर मारकर उसे घायल कर दिया और दोनों आरोपियों ने मिलकर स्कूटी की डिक्की खुलवाकर उसमें रखे 10 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। कोतवाली में धारा 309,6ए 3,5 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को इंदिरानगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया । दोनों के कब्जे से लूटे गए रकम में से खर्च के बाद बचे 3 ह जार 500 बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मीर हसमत अली उर्फ राजा 28 और मोहम्मद अफसर 38 दोनों निवासी इंदिरानगर शामिल हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### रेशम और उद्यान विभाग का कलेक्टर ने लिया जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले में रेशम एवं उद्यानिकी विभाग के सारंगढ़ स्थित कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। रेशम विभाग के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मलबरी प्लांटेशन एवं टसर प्लांटेशन का अवलोकन किया, जो लगभग 9 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। उन्होंने कृमि पालन रेशम कीट पालन की प्रक्रिया को भी विस्तार से देखा और उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।

# चोरी की एलईडी टीवी समेत अन्य सामान बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने टेरम में हुए चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सामान की बरामदगी की है। प्रकरण में प्रार्थी किशन लाल जोल्हे 29 निवासी ग्राम टेरम ने 17 मार्च को थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया था। वह अपने परिवार के साथ ईंट बनाने गांव से बाहर गया था। इस दौरान 08 से 10 फरवरी के बीच अज्ञात आरोपी द्वारा उसके मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर रखे टीवीए आयरनए कांस के बर्तन एवं तांबे के पैसे सहित करीब 15 हजार कीमत का सामान चोरी कर लिए गए। रिपोर्ट पर धारा 331,4ए 305,ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने संदेही गजेन्द्र सारथी उर्फ गज्जु 19 निवासी बैहामुड़ा एवं परमेश्वर राठिया 19 निवासी भेंडरा कपाटडेरा के नाम सामने आए। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने 9 फरवरी की रात ग्राम टेरम के एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी का सामान प्लास्टिक बोरी में भरकर रेलवे ट्रैक के रास्ते अपने घर ले जाकर आपस में बांट लिया था तथा कुछ सामान कबाड़ी को बेचकर रकम खर्च कर दी थी। आरोपियों के निशानदेही के आधार पर गजेन्द्र सारथी से एक बैटरी एवं आयरन तथा परमेश्वर राठिया से कांस के लोटा एवं कटोरी बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## निगम का टैक्स वसूली अभियान तेज, परिवाद दायर करने की तैयारी भी

# चेक बाउंस, पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम द्वारा बकाया कर वसूली को लेकर सख्त अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में निगम प्रशासन ने बड़े बकायादारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए गोरखा सरायपाली चौक स्थित पेट्रोल पंप संचालक सुनील गर्ग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने एवं न्यायालय में परिवाद दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित पेट्रोल पंप संचालक द्वारा टैक्स जमा करने को लेकर पूर्व में चेक दिया गया थाए जो की बाउंस हो गया। बुधवार को उक्त पेट्रोल पंप को निगम की टीम द्वारा सील कर दिया गया। चेक बाउंस के मामले में एफआईआर दर्ज कराने के साथ न्यायालय में परिवाद दायर करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बार.बार नोटिस जारी करने के बावजूद बकाया कर जमा नहीं किया गया। इसके चलते अब विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही हैए ताकि अन्य बकायादारों को भी सख्त संदेश दिया जा सके। अभियान के तहत आज शहीद चौक स्थित महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी संचालित शॉपिंग कंपलेक्स को निगम की टीम सील करने पहुंची थी, लेकिन शॉपिंग कंपलेक्स संचालक निरंजन लाल अग्रवाल द्वारा बकाया टैक्स का भुगतान तत्काल कर दिया गया।

इसी तरह आज निगम टीम ने बकाया कर नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन भी काटे हैं, जिसमें भक्ति गली श्याम कुमार डे, गद्दीचौक स्थित आदित्य सांवरिया, शासकीय बुनकर समिति आदि शामिल है। निगम प्रशासन का कहना है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं की जाएगी, तब तक ऐसे कनेक्शन पुनः बहाल नहीं किए जाएंगे। वहीं कबीर चौक क्षेत्र में बकाया कर के चलते सील की गई एक दुकान के संचालक छोटू बेग द्वारा कर राशि जमा करने के बाद निगम ने सील खोलने की कार्रवाई की।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो भी बकायादार समय पर कर टैक्स जमा करेंगे। उन्हें नियमानुसार राहत दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बड़े बकायादारों की तैयार सूची पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने टैक्स वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी बनाते हुए राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। कार्रवाई के दौरान निगम राजस्व विभागए अतिक्रमण शाखा, स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम उपस्थित थीं।



**सील करने पहुंची टीम को मौके पर ही किया गया भुगतान**

आज निगम की टीम सदर हटरी एवं केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित निगम के दुकान संचालक बड़े बकायदारों पर कार्रवाई करने गई थी। इस दौरान करवाई से पूर्व ही मौके पर ही दुकानदारों ने बकाया टैक्स एवं किराया का भुगतान किया।

**शहर के विकास में बने सहभागी**

निगम कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि शहरवासियों समय पर अपने करों का भुगतान करें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई एवं सरचार्ज से बचा जा सके। नागरिकों से लिए गए टैक्स से ही शहर के विकास कार्य और उनको बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने सभी शहरवासियों से समय पर टैक्स जमा कर शहर के विकास कार्यों में सहभागी बनने की अपील की।

**खबर संक्षेप**

### अनुपस्थिति प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर**। अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। बता दें कि डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। ऐसे में डीईओ ने खितेश कुमार और अनिता पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक का यह कृत्य शासकीय सेवा के कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल और सहायक शिक्षक खितेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है ।

### गिरने से महिला गंभीर अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर**। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बकराताल निवासी परमेश्वरी पति विश्वनाथ (70 वर्ष) रविवार को पटोरा निवासी अभय के पिता के निधन हो जाने पर दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। 17 मार्च को अभय के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में बाथरूम करने के लिए रुकी तभी अचानक पत्थर से टकरा कर वृद्धा गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

### वन भूमि पर अवैध कब्जा, जेसीबी जब्त

**अंबिकापुर**। बलरामपुर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र चांदो के चुनचुना बीट में अवैध अतिक्रमण के लिए गड्ढा खोदने के मामले में वन अमले ने एक जेसीबी को जब्त किया है। वन परिक्षेत्र चांदो अंतर्गत चुनचुना बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी 3250 स्थित वन भूमि में अवैध निर्माण के लिए जेसीबी की मदद से नींव का खनन कराया जा रहा था। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए खनन कर रहे जेसीबी को जब्त किया। परिक्षेत्राधिकारी आलोक साहू ने बताया कि अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलते ही वन अमला घटना स्थल पहुंचा। इस दौरान वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से गड्ढा खनन करते पाए जाने पर तत्काल जेसीबी को जब्त किया गया।

### शराब पीकर घूमने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**बलरामपुर**। शराब पीकर गांव में घूमने और उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर ड्यूटी से गायब रहने वाले प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि वाड्रफनगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैना के प्रधान पाठक आरएन कोल द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बाद संस्था से फरार रहने और गांव में शराब पीकर नशे में घूमने की बात सामने आई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में शिकायत सही पाई गई, जांच में पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक आरएन कोल द्वारा अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता बरती गई। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3, नियम-7, नियम-23 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग द्वारा प्रधानपाठक आरएन कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शंकरगढ़ नियत किया गया है।

## जशपुर के दीपू बगान में सरहुल महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

# सरहुल उत्सव जनजाति संस्कृति की विशिष्ट धरोहर: साय





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर के दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। इस इस अवसर पर उन्होंने धरती माता, सूर्य देव एवं साल वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और समृद्ध फसल की कामना की। पूजा कराने वाले बैगा ने मुख्यमंत्री के कान में सरई (साल फूल) को खोंचकर सरहुल पर्व की शुभ रस्म निभाई। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी 100 से अधिक महिलाओं एवं युवतियों की टोली ने सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं मांदर की थाप पर पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से झूम उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवासियों को सरहुल उत्सव तथा हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल महोत्सव सदियों से प्रकृति और धरती पूजा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस उत्सव में बैगा, पाहन एवं पूजारी द्वारा धरती माता की पूजा कर वर्षा, खेती और बरकत की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि यह जनजातीय समाज की विशिष्ट सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होकर विधि विधान से की पूजा-अर्चना
- जनजातीय संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, विधायक श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, राजू गुप्ता, मुकेश शर्मा, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक मौजूद रहे।

### धर्मांतरण रोकने में कारगर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधानसभा में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक प्रस्तुत किया गया है, जो धर्मांतरण रोकने में कारगर सिद्ध होगा। सरकार प्रदेश की 3 करोड़ जनता से किए गए वादों को लगातार पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत 24 किश्तों में 15000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं तथा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं और प्राप्त राशि का उपयोग आजीविका संवर्धन, सुकन्या समृद्धि जैसे कार्यों में कर रही हैं। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है, जिसके तहत गांव के बैगा को प्रतिवर्ष 5000 रुपए दिए जाएंगे तथा जनजाति क्षेत्रों में गांव में स्थित अखरा विकास के लिए 15 से 25 लाख रुपए तक की व्यवस्था की जाएगी।

### वर्षा और फसल के अनुमान लगाने की परंपरा

सरना स्थल पर पारंपरिक विधि से पूजा और प्रसाद वितरण के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया जाता है। महोत्सव के दौरान युवक-युवतियों द्वारा पारंपरिक नृत्य-गीत प्रस्तुत किए जाते हैं तथा वर्षा और फसल का अनुमान लगाने की परंपरा निभाई जाती है। घर-घर सरई (साल) फूल और पवित्र जल का वितरण कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। सरहुल महोत्सव जनजातीय आस्था, प्रकृति प्रेम और सामूहिक जीवन की समृद्ध परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जो समाज को एकता और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ता है।

### सरहुल परब उरांव जनजातीय समुदाय का प्रमुख पर्व

उल्लेखनीय है कि सरहुल परब, चैत्र महीने में मनाया जाने वाला उरांव समुदाय का प्रमुख पर्व है। यह प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है, जब पेड़ों में नए पत्ते और फूल आते हैं तथा महुआ और साल-सखुआ के फूलों से वातावरण महक उठता है। इस पर्व में धरती माता और सूर्य देव के प्रतीकात्मक विवाह के साथ सामूहिक पूजा की जाती है।

### 19.51 करोड़ रुपए लागत के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस लाइन हेलीपैड के समीप कुल 19 करोड़ 51 लाख 78 हजार रुपए की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने जशपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 भागलपुर में 35.46 लाख रुपए की लागत के मुक्तिधाम निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 16 में 6.76 करोड़ रुपए की लागत के ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ये दोनों परियोजनाएं शहरवासियों को बेहतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होंगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 4 सड़कों के निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया। इनमें 2.89 करोड़ रुपए लागत के चटकपुर से रेंगारबहार पहुंच मार्ग, 3.01 करोड़ रुपए लागत के कुनकुरी-औरीजोर-मतलूटोली-पटेल पारा पहुंच मार्ग, 3.29 करोड़ रुपए लागत के रानीबंधढ़ूचिड़ाटांगर-उपरकछार पहुंच मार्ग तथा 3.18 करोड़ रुपए लागत के धुरीअम्बा-कटुखोसा पहुंच मार्ग शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जहां नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण अंचलों में सड़कों और बुनियादी ढांचे को मजबूत कर लोगों को बेहतर आवागमन और आर्थिक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

### हेलीपैड में हुआ स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला मुख्यालय जशपुर पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ विधायक श्रीमती गोमती साय भी पहुंची। स्वागत करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, श्री मुकेश शर्मा, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल थे।

### लोकतंत्र सेनानी को श्रद्धांजलि दी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीपू बगीचा के समीप स्थित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन के निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री जैन का सामाजिक जीवन अत्यंत प्रेरणादायी रहा है तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

## कलश यात्रा में क्षेत्र के 40 गांवों की सैकड़ों महिलाएं हुई शामिल



**सरिया**। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नगर के रामचंडी मंदिर में 18 मार्च की को शाम 7 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें 40 ग्रामों के हजारों महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। भारतीय संस्कृति पर्व उपवास, व्रत और संकल्पों की ऐसी मंजुषा है।जिसकी तुलना विश्व में संभव ही नहीं है । हमारी संस्कृति में पर्व केवल उत्सव नहीं बल्कि एजीवन दर्शन के प्रतीक होते हैं। नवरात्र ऐसा ही एक पर्व है, जो शक्ति साधना और स्त्री सम्मान का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। इसी भावना के साथ सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में कोलता समाज के इष्ट देवी रमेश्वर रामचंडी मंदिर में अंचल के 40 ग्रामों से हजारों की संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धा भक्ति आस्था के साथ नवरात्र की पूजा पाठ प्रारंभ की है। इस मौके पर मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के सोलबंध तालाब से वैदिक मंत्रोंचारण के साथ शुभ दीप कलश लाकर माता के दरबार में स्थापित किया। बाजे गाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई मंदिर स्थल पहुंची। जहां कलश यात्रियों का स्वागत मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने किया। तत्पश्चात माता रानी की भव्य आरती संपन्न हुई। इसी के साथ महा भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्व समाज के लोग रामचंडी मंदिर एवं कलश यात्रा में पहुंचकर पुण्य अर्जित किया। कलश यात्रा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने भी माता रानी के चरणों में मात्था टेक कर नगर एवं क्षेत्र के खुशहाली के लिए माता रानी से मन्नतें मांगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वास्तव में नवरात्र का मूल भाव नारी शक्ति की स्थापना है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भारतीय नववर्ष



**चंद्रपुर**। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर में 19 मार्च दिन गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से भारतीय नववर्ष मनाया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा नगर में बाजे गाजे के साथ झांकी राम लक्ष्मण, जानकी हनुमान नौ दुर्गा की पटाखे फोड़ते नगरवासियों को गुलाल लगाते, नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए निकाली गई। विद्यालय के प्राचार्य जगन्नाथ नायक ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के पहले दिन को नव संवत्सर भी कहा जाता है, जिसे विक्रम संवत भी कहते हैं। हिंदू कैलेंडर के महत्व का अनुमान इस बात से भी लगाया जा सकता है कि आज भी हम अपने व्रत और त्यौहार हिंदू कैलेंडर एवं हिंदू तिथि के अनुसार ही मनाते हैं। कहा जाता है कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी द्य यही कारण है कि इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। पाश्चात्य सभ्यता की तर्ज पर हम नया साल 1 जनवरी को मनाते हैं, लेकिन हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाते हैं। इसी दिन से बासंतिक नवरात्रि की शुरुआत भी होती है। प्राचीन काल से ही यह परंपरा है कि इसी माह से देश दुनिया में पुराने कामकाज को समेट कर नए कामकाज की रूपरेखा तय की जाती है। आज भी भारत में एवं दुनिया के अन्य देशों में भी इसी माह से ही नयी बही खाते लिखे जाते हैं। चैत्र माह तक प्रकृति और धरती का एक चक्र पूरा होता है। धरती के अपनी धूरी पर घूमने और सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र प्रारंभ होता है, वास्तव में वही नव वर्ष है। विद्यालय परिसर को रंगोली एवं आम्रपत्र के तोरण से सजाया गया। विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी के सहयोग से कार्यक्रम कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## शांति समिति की बैठक, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने पर जोर



**रायगढ़**। आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त एडीएम ने कहा कि जिले में ईद सहित सभी प्रमुख पर्व आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ मनाए जाते रहे हैं। उन्होंने इस परंपरा को बनाए रखते हुए साफ सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं यातायात व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ईद के अवसर पर प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। नगर पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा अपुष्ट जानकारी साझा न करने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। एसडीएम महेश शर्मा ने आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने तथा नागरिकों से सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके। बैठक में ईद के अवसर पर नमाज अदा किए जाने वाले प्रमुख स्थलों घड़ी चौक, रामपुर एवं जामा मस्जिद गांजा चौक पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इन स्थलों पर पेयजल, विद्युत, साफ सफाई, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी रामनवमी सहित अन्य पर्वों को लेकर भी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई।

**पशुधन से लिखी सफलता की नई कहानी**

## आरती ने अच्छी नौकरी छोड़ बनाया आत्मनिर्भरता का मॉडल

**रायगढ़**। जिले के सुदूर वनांचल एवं सुंदर पहाड़ियों के बीच बसे लैलूंगा विकासखंड के ग्राम बगुडेगा की निवासी आरती पटेल ने यह साबित कर दिया है कि सफलता केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव की मिट्टी में भी अपार संभावनाएं छिपी होती हैं। आरती पटेल ने मेडिकल क्षेत्र में डीएमएलटी की पढ़ाई पूरी करने के बाद रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में कार्य किया, लेकिन उनका सपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का था।

वर्ष 2020 में विवाह बाद वे लैलूंगा के समीप ग्राम चोरंगा में एक किसान परिवार में बहू बनकर आईं और यहीं से उनके जीवन ने एक नई दिशा ली। पढ़ी लिखी होने के कारण उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारियां ली और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली बिहान योजना से जुड़ने का निर्णय लिया। जनपद पंचायत लैलूंगा के मार्गदर्शन एवं जनपद सीईओ के सहयोग से उन्होंने बिहान योजना के माध्यम से संतोषी स्व.सहायता समूह का गठन किया, जिसमें जनपद स्तर के अमले का सराहनीय सहयोग मिला। वर्ष 2025 में समूह के माध्यम से उन्होंने लगभग साढ़े तीन लाख रूपए का ऋण लेकर



उन्नत नस्ल की गायों का पालन प्रारंभ किया। वर्तमान में उनके पास कुल नौ गायें हैंए जिनसे प्रतिदिन सुबह.शाम मिलाकर सैकड़ों लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है।

### दूध के साथ वैल्यू एडिशन से बढ़ी आय

आरती पटेल ने केवल दूध उत्पादन तक सीमित न रहकर पनीर, शुद्ध देसी घी एवं खोआ जैसे उत्पाद तैयार करना भी प्रारंभ किया। उनके समूह द्वारा तैयार उत्पादों की सप्लाई रायगढ़ सहित आसपास के जिले मॉल एवं विभिन्न दुकानों में की जा रही है। इससे समूह को प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपए की आय प्राप्त हो रही है। आरती का कहना है कि उन्हें अब पशुधन व्यवसाय से मेडिकल क्षेत्र की तुलना में अधिक आय प्राप्त हो रही है।

### जैविक खेती की दिशा में भी सराहनीय पहल

आरती पटेल द्वारा पशुपालन के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। वे गाय के गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर रही हैं, जिसकी मांग स्थानीय किसानों में निरंतर बनी हुई है। उनका मानना है कि जैविक खाद भूमि की उर्वरता बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि यदि उद्यानिकी एवं वन विभाग की नर्सरियों में इस जैविक खाद की मांग बढ़े, तो समूह की आय में और वृद्धि हो सकती है। आरती पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय बिहान योजना, जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत लैलूंगा को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

## हिंदल स्कूल एंड कोचिंग के बच्चों को मिली सफलता



**जशपुरनगर**। सत्र 2026 - 27 कक्षा छठवीं के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हिंदल इंग्लिश मीडियम स्कूल एंड कोचिंग बिलासपुर, कुनकुरी के 23 बच्चे चयनित हुए हैं, जो न केवल जशपुर जिला के लिए बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए अनोखा एवं गौरवशाली परिणाम है।

**इन 23 बच्चो ने लहराया कामयाबी का परचम:** इस संस्था से कामयाबी का झंडा लहराने वाले 23 विद्यार्थियों में श्रेया यादव, अनुष्का यादव, गौरव सिंह, हर्षित राज सिंह, मानसिंह नायक, चेष्टा शांडिया, एडवीक एक्का, जॉनसन एक्का, ईसस्नेह खेस, आशु अर्नाल्ड कुजूर, प्रथील प्रसाद, परी नायक, सैयद मोहम्मद जारून यूनुस, वरुणमानी प्रजापति, आकांक्षा यादव, माही यादव, शुभम यादव, नूपुर सिंह, ग्लैडविन जोय तिग्गा, अनीक ऑस्टिन बैक, आयुष पन्ना, आराध्या तिर्की, आरव साय है।



# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल

**मुंबई।** कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है। सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।

लाइफ Style

# नोरा

## हिंदी गाने का आइडिया नहीं था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मडिया से हटा लिया है।

नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है। मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफार्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' वीडियो में नोरा फतेही को कहते हुए सुना जा सकता है कि 'मैं सभी से यह गुजारिश करूंगी कि वे इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप बेवजह इसे एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। इसके अलावा, मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# चीजों को अपने तक रखना सीखना होगा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और एक्ट्रेस जेंडाया की नई अंगूठी को देखकर कई लोगों को लगने लगा है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड से शादी कर ली है। हालांकि, जेंडाया ने इस पर कुछ नहीं कहा है। इस बीच उन्होंने बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को क्यों इतना छिपा कर रखती हैं? अभिनेत्री ने कहा 'मुझे लगता है कि खुद को छिपाने और अपनी जिंदगी जीने, उसका मजा लेने और अपने लिए खास चीजों को बचाने के बीच एक संतुलन होता है। मुझे लगता है कि हर किसी को किसी न किसी तरह से ऐसा करना ही पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा 'आपका काम चाहे जो भी हो, आप जिस भी फील्ड में हों।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का फर्स्ट लुक आया सामने...

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी की झलक दिखाई गई है। फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज किया जाएगा। सोनी पिक्चर्स द्वारा समर्थित 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मोशन पोस्टर में स्पाइडर-मैन को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके सीन हॉलैंड की पिछली फिल्मों की तुलना में अधिक इंटेंस और डार्क दिखते हैं। मोशन पोस्टर में पुनर्जन्म के जिक्र के साथ शुरुआत होती है, जो पिछली फिल्म की घटनाओं के बाद स्पाइडर-मैन के सफर में संभावित बदलाव का संकेत देता है। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है।



# मैं सबसे यही बोलती हूं मुझे काम चाहिए

**मुंबई।** कभी बॉलीवुड में बड़ी संख्या में फैन्स की फेवरेट रहीं शिल्पा शिरोडकर अब फिल्में पाने को तरस रही हैं। 'बिग बॉस 18' से लोगों की धुंधली यादों का फिर से हरा-भरा कर चुकीं शिल्पा शिरोडकर की हालिया फिल्म सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ फिल्म 'जटाधरा' थी। कॅरियर के चरम पर फिल्मों को अलविदा कहने वालीं शिल्पा अब अपने लिए और काम मांग रही हैं। एक बातचीत में कहा है कि वो भविष्य में अपने लिए और काम चाहती हैं। शिल्पा ने अपनी इस बातचीत में कहा, 'मेरी फिल्म जटाधरा नवंबर में रिलीज हुई थी, जो ज्यादा सफल नहीं रही। लेकिन, एक और प्रोजेक्ट है, मैं एक वेब सीरीज कर रही हूं। इसके अलावा मैं एक और फिल्म भी कर रही हूं, और मैं उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रही हूं।



# चचेरे भाई ईशान के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** ऋतिक रोशन ने अपनी एक नई कॉमेडी फिल्म की घोषणा की है। फिल्म का नाम 'मेस' है। इस फिल्म में ऋतिक अपने कजिन भाई ईशान रोशन के साथ काम करेंगे। ऋतिक रोशन ने फिल्म 'मेस' की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनके चचेरे भाई ईशान रोशन भी नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मेस' ऋतिक के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनेगी। इस फिल्म को ऋतिक के कजिन भाई ईशान रोशन प्रोड्यूसर करेंगे। फिल्म 'मेस' की कहानी मूल रूप से अमेरिकी लेखक ने लिखी है, जिसे भारतीय रूप में राजेश ए. कृष्णन ने निर्देशित करेंगे। कपिल सावंत ने इसके संवाद तैयार किए हैं। फिल्म की कहानी कुछ चोरों की है, जो एक ऐसे व्यक्ति के घर में चोरी करने जाते हैं, जो ओसीडी से ग्रसित होता है।

टीवी मसाला



# घर में अकेली थीं तेजस्वी, तभी घुसा फैन, करण ने किया हैंडल

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं और अब तो वह ओटीटी के प्रोजेक्ट्स भी कर रही हैं। हाल ही वह 'साइको सैयां' में नजर आई थीं। तेजस्वी प्रकाश की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं और जहां भी वह जाती हैं, फैंस की भारी भीड़ उन्हें घेर लेती है। लेकिन एक बार एक्ट्रेस एक ऐसे सनकी फैन से टकराईं कि वह बुरी तरह डर गई थीं। यह शख्स रोजाना तेजस्वी प्रकाश के घर पहुंच जाता था और उनके आंगन में लेटर डाल देता था। तेजस्वी प्रकाश ने एक इंटरव्यू में पीछा करने वाले इस शख्स के बारे में बताया। साथ ही बताया कि कैसे करण कुंद्रा और परिवार ने उन्हें उस सनकी आदमी से पीछा छुड़ाने में मदद की। इसके लिए एक्ट्रेस को पुलिस की भी मदद लेनी पड़ी थी। तेजस्वी प्रकाश ने इंटरव्यू में बताया, 'एक स्टॉकर था, जो मेरा पीछा करता था। वो रोज मेरे घर आता था। मैं एक रो हाउस में रहती हूं, तो इसलिए घर में एक आंगन है। वो फैन वहां चिट्ठियां छोड़ जाता था। हर बार जब मैं घर से बाहर निकलती, तो मुझे वो चिट्ठियां दिखतीं और मैं सोचती कि यह किसने किया होगा। हमने बड़ी समझदारी से कैमरे लगवा लिए, लेकिन हम उसे पकड़ नहीं पाए।' लेकिन तब तेजस्वी के होश उड़ गए, जब एक दिन वह घर में अकेली थीं और वो आदमी अंदर घुस गया।


## नगमा और अवेज के ब्रेकअप की अफवाह



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट और कंटेट क्रिएटर अवेज दरबार ने 16 मार्च को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर एक ग्रैंड पार्टी दी, जिसमें रियलिटी शो से लेकर टीवी और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग आए। नीलम गिरी से लेकर फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, आकांक्षा चमोला, अशनूर कौर, अभिषेक बजाज समेत अन्य नजर आए। नहीं दिखे तो अमल मलिक, जिनसे वह रिश्ता तोड़ चुके हैं और नगमा मिराजकर, जिनसे उनकी शादी होने वाली है। गर्लफ्रेंड के पार्टी में न पहुंचने पर लोगों ने इनके ब्रेकअप की अटकलें लगानी शुरू कर दी। क्योंकि, उन्होंने उनके बर्थडे पर एक पोस्ट तक नहीं किया था। अब अवेज के क्रिप्टिक पोस्ट ने और तहलका मचा दिया है। नगमा मिराजकर को अवेज दरबार ने 'बिग बॉस 19' में ही प्रपोज किया था। इसके बाद जब दोनों बाहर आए तो बताया कि ईद के बाद इनका निकाह होगा। यहां तक कि गौहर खान की सास ने भी मीडिया से इस बात की पुष्टि की कि रमजान के बाद वह बेटे की शादी करेंगी।

## धुरंधर-2 ने एडवांस बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड

# बाहुबली-2 को छोड़ा पीछे...



**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है और एडवांस टिकट बुकिंग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। एडवांस टिकट बुकिंग के मामले में इसने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीव्यू शो से यह 30 करोड़ रुपए तक की कमाई कर सकती है। एडवांस बुकिंग के मामले में बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके नौ लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अब तक इसके 990500 टिकट बिक चुके हैं। यह करीब 12422 शो के लिए हैं। देशभर में फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 42.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटा लिया है। कहा जा रहा है कि ओपनिंग डे पर यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। वहीं, वर्ल्डवाइड यह आंकड़ा 200 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने एडवांस बुकिंग के मामले में 'बाहुबली 2' के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है। 'बाहुबली 2' के हिंदी पट्टी में पहले दिन 6.50 लाख रुपए के टिकट बिके थे। यह एडवांस बुकिंग के मामले में पहले पायदान पर थी, मगर 'धुरंधर 2' ने इसकी कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। एडवांस बुकिंग के मामले में इन फिल्मों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है

# 'धूप में निकला न करो रूप की रानी' के लिए किशोर कुमार नहीं थे पहली पसंद

***नई दिल्ली।*** *गायक किशोर कुमार और अमिताभ बच्चन की जोड़ी सिनेमा जगत में काफी चर्चित रही। जिस तरह से राजेश खन्ना को सुपरस्टार बनाने में किशोर दा की आवाज ने अहम योगदान अदा किया किया, ठीक उसी तरह से वह बिग बी के लिए भी लकी साबित हुए थे। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अमिताभ के एक 41 साल पुराने गाने के लिए बतौर सिंगर किशोर कुमार संगीतकार की पहली पसंद नहीं थे।*

## शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे

साल 1985 में अमिताभ बच्चन, माधवी, रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म गिरफ्तार को रिलीज किया गया था। मूवी के डायरेक्टर प्रयाग राज थे और संगीतकार की कमान बप्पी लहरी के हाथों में थी। फेसबुक पेज एक दर्द की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के गाने धूप में निकला न करो रूप की रानी... के लिए किशोर कुमार बतौर गायक बप्पी की पहली पसंद नहीं थे। जब ये जानकारी मूवी के मेकर्स को मिली थी, उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर से कहा था कि क्या तुमको मालूम नहीं कि ये गाना अमिताभ पर फिल्माया जाना है और किशोर की आवाज उनपर जचती है। लेकिन, बप्पी लहरी अपनी जिद पर उड़े थे और वह यह गीत सिंगर शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे।



## कादर खान ने बप्पी को समझाया

इस मामले में बाद में कादर खान की एंट्री हुई और उन्होंने बप्पी को समझाया और कहा कि घर जाकर इस पर ठंडे दिमाग से विचार करो। फिर जाकर बप्पी को अपनी गलती को एहसास और फिर किशोर कुमार ने गिरफ्तार के धूप में निकला न करो रूप की रानी गाने को गाया। आलम ये है कि आज भी इसे हिंदी सिनेमा का कल्ट सॉन्ग माना जाता है।

## बप्पी और किशोर दा की गहरी दोस्ती

कहा जाता है कि संगीतकार आरडी बर्मन की तरह बप्पी लहरी के साथ भी सुरों के सरताज किशोर कुमार की काफी गहरी दोस्ती हुआ करती थी। लेकिन गिरफ्तार के इस गाने की वजह से उनकी दोस्ती में दरार आना शुरू हो गई और किशोर दा को मन ही मन ये मालूम था कि अमिताभ बच्चन का ये सॉन्ग लहरी उनसे नहीं गवाना चाहते थे।

## रोचक है देश की पहली बोलती फिल्म आलम आरा का किस्सा

# सिर्फ रात में होती थी शूटिंग, यहूदी नाटक पर थी बेस्ड

***नई दिल्ली।*** *भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम आलम आरा था। साल 1931 में इसे सिनेमाघरों रिलीज किया गया था। इसे एक ऐतिहासिक मूवी के तौर पर जाना जाता है, इसके जरिए ही इंडस्ट्री में टॉकी मूवीज की शुरुआत हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलम आरा को बनाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। सिर्फ रात में फिल्म की शूटिंग और साउंड के लिए विशेष तकनीकि का इस्तेमाल करना जैसे कई तरीकों से आलम आरा को बनाया गया था।*

## रात में क्यों होती थी फिल्म की शूटिंग

आलम आरा का निर्देशन पारसी फिल्मकार अर्देशिर ईरानी ने किया था। इस मूवी की शूटिंग लोकेशन का किस्सा सबसे ज्यादा चर्चित और रोचक है। बताया जाता है कि आलम आरा की शूटिंग मुंबई के जीटी रोड इलाके में रेलवे ट्रैक के पास बने स्टूडियो में हुई थी। चूंकि, रेलवे ट्रैक के पास स्टूडियो था तो जाहिर की दिन में रेलगाड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी। इस वजह से दिन में ट्रेनों का शोर रिकॉर्डिंग में आ जाता था, इसलिए शूटिंग रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी। सिर्फ इतना ही नहीं ,दिन के उजाले में शूटिंग प्रोक्स को लेकर भी समस्या होती थी। जैसे माइक्रोफोन बहुत बड़े होते थे, इसलिए उन्हें कलाकारों के कपड़ों या सेट के सामान के अंदर छिपाया जाता था। संगीत देने वाले आर्टिस्ट को कई बार पेड़ों के पीछे छिपकर हारमोनियम और तबला बजाना पड़ता था, ताकि उनकी आवाज रिकॉर्ड हो सके, लेकिन वे कैमरे में नजर न आएं।



## हिंदी और उर्दू का मिश्रण कर पेश किया फिल्म

आलम आरा की कहानी के बारे में किया जाए तो ये मुंबई में रहने वाले बगदादी यहूदी नाटककार जोसेफ डेविड के लोकप्रिय नाटक आलम आरा से प्रेरित थी, जिसमें में महल की दो रानियों के बीच संघर्ष, महल की साजिशें और प्रेम कथा दिखाई गई थी। कहा जाता है कि ईरानी ने ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक मूवी को पहुंचाने के लिए हिंदी और उर्दू भाषा का मिश्रण कर आलम आरा को पेश किया था।

## फिल्म बनाने के लिए फंड नहीं था

गौर किया जाए अर्देशिर ईरानी की तरफ तो उनके पास आलम आरा को बनाने के लिए फंड नहीं था। बताया जाता है कि एक बार उनकी 14 हजार रुपए की लॉटरी लग गई थी और इसके बाद उन्होंने इसी धनराशि की मदद से भारत की पहली बोलती फिल्म का निर्माण किया था। इसके अलावा उन्होंने साउंड रिकॉर्डिंग की तकनीक विदेशी विशेषज्ञ मिस्टर डेमिंग से सीखी थी।

## इस सिनेमाघर में हुई थी रिलीज

95 साल पहले आलम आरा फिल्म को मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में रिलीज किया गया था। बताया जाता है कि थिएटर के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। इस तरह से देश की ऐतिहासिक फिल्म ने कामयाबी का परचम लहराया था।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में मौत सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** ग्राम चंद्रपुर के उदय पटेल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। एसडीएम महेश शर्मा ने तहसीलदार पुसौर के प्रतिवेदन के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत किया है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल के परिजन को 10 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

### वैज्ञानिक स्थलों का किया स्कूली बच्चों ने भ्रमण

**रायगढ़।** पीएम श्री योजना अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिले के पीएमश्री विद्यालयों के उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का 6 दिवसीय अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण कोलकाता में किया गया। 13 मार्च को एपीसी अभय कुमार पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का दल शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने साइंस सिटी, कोलकाता का अवलोकन किया, जहां विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों ने उन्हें विज्ञान के प्रति प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने कोलकाता मेट्रो की यात्रा कर आधुनिक परिवहन व्यवस्था को समझा।
धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा बिरला तारामंडल में अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। ऐतिहासिक धरोहरों के अध्ययन के लिए विद्यार्थियों ने विक्टोरिया मेमोरियल एवं भारतीय संग्रहालय का भ्रमण किया, जहां उन्होंने भारत की समृद्ध विरासत को करीब से जाना। इसके अलावा बेलूर मठ, अलीपुर चिड़ियाघर, राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता तथा आचार्य जगदीश चंद्र बोस भारतीय वनस्पति उद्यान का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने ईडन गार्डन एवं हावड़ा ब्रिज का भी अवलोकन कियाए जिससे उन्हें देश की प्रमुख धरोहरों की जानकारी मिली।

### एकता मंच कर रहा श्रद्धालुओं की सेवा

**चंद्रपुर।** चन्द्रपुर धाम में विराजमान जगत जननी माँ चंद्रहासिनी के पावन चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं एवं शक्ति स्वरूपा माताओं बहनों के लिए एकता मंच द्वारा शरबत एवं शीतल जल वितरण कर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनके लिए गर्मी को ध्यान में रखते हुए शीतल पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था की गई। सेवा कार्य के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को राहत प्रदान करने का प्रयास किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस सेवा कार्य में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन सहित गोविन्द देवांगन, एसके देवांगन, परदेशी देवांगन, आदित्य कश्यप, रामगोपाल देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, भुनेश्वर देवांगन एवं एकता मंच के अध्यक्ष दिनेश देवांगन ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सेवा सहयोग प्रदान किया।

### डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर जोर

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल आदर्श ग्राम स्थायित्व एवं प्लास्टिक तथा फिकल स्लज अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में जिले के सभी 07 जनपद पंचायतों से 10-10 सरपंच, स्वच्छाग्रही समूह, सचिव, बीएसओ, बीसीए सीसीए सहायक परियोजना अधिकारी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, जिला सलाहकार एवं एसबीएमजी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई और उनके दायित्वों को स्पष्ट किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करनाए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को प्रभावी बनाना तथा प्लस मॉडल ग्रामों की स्थायित्व सुनिश्चित करना रहा।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कथा सुनने का मिलेगा आनंद

# कलश यात्रा के साथ सरिया में नवधा रामायण शुरू 9 दिनों तक श्रद्धालु करेंगे श्रीराम कथा का रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

भव्य कलश यात्रा के साथ आज गुरूवार को सरिया में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ किया गया। पीले व केसरिया वस्त्र धारी श्रद्धालुओं तथा कलश धारण की महिलाओं और जय श्री राम की जय घोष से वातावरण भक्ति में हो गया ।इस दौरान पूजा अर्चना के साथ रामायण ग्रंथ की स्थापना की गई ।इसके बाद प्रतिदिन मानस गान व आरती संपन्न होगा। धर्म कला एवं साहित्य की नगरी सरिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड नवधा रामायण का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है ।19 मार्च को दोपहर 12 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमें नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पुराना बस्ती दुर्गा स्टेज के पास अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन किया गया है। और यही से ही कलश यात्रा प्रारंभ हुई है ।कलश यात्रा में महिलाओं ने आम्र पत्र, श्री फल के साथ यात्रा में शामिल हुए। नगर के पहाड़ तालाब से पवित्र जल लाकर भगवान श्री राम के दरबार में स्थापित किया ।साथ ही साथ रामायण ग्रंथ की स्थापना की गई। इस बार वृंदावन धाम से पधारी देवी मंजू कल्याणी का सम्मान करते हुए रथ यात्रा के साथ कलश यात्रा में शामिल की गई। नवधा रामायण आयोजन समिति ने जगन्नाथ मंदिर से भगवान श्री राम लक्ष्मण माता सीता एवं पवन पुत्र हनुमान की प्रतिमा लाकर अनुष्ठान स्थल पर स्थापित किया गया। आचार्य अमित मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना की। कलश यात्रा के दौरान नगर वासियों के द्वारा जगह जगह यात्रियों को शीतल पेयजल पिलाकर पुण्य कमाए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल वरिष्ठ पार्षद मोतीलाल स्वर्णकार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुरारी नायक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार सहित नगर के जनप्रतिनिधि आम नागरिक शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।


पूजा अर्धना करते ग्रामीण।

#### नंदकुमार साहू का होगा मानस गायन

आयोजन समिति ने बताया कि 9 दिनों तक श्रद्धालुओं को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कथा सुनने का आनंद मिलेगा। इसके लिए वृंदावन धाम से पधारी देवी मंजू कल्याणी का प्रवचन पूरे 9 दिन होंगे। इसी तरह महासमुंद छत्तीसगढ़ से मानस गायन नंद कुमार साहू का प्रवचन 5 दिनों का रहेगा तथा पंडित सलिल कृष्ण गुरू का भी प्रवचन दो दिन का होगा। इस तरह पूरे 9 दिन सरिया भक्तिमय होगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह आयोजन नगर की सुख शांति और समृद्धि की कामना के लिए की गई है। तथा राम भक्त और सामुदायिक एकता का प्रतीक के रूप में इसे महोत्सव के रूप में भी मनाया जा रहा है। इसमें स्थानीय नागरिक हर्षोल्लास के साथ शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि अनुष्ठान में पधार कर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कथा का श्रवण कर पुण्य कमाए।




## चैत्र नवरात्रि की शुरुआत, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

मां चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर मां चंद्रहासिनी मंदिर से कन्याओं एवं माताओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया।

कलश यात्रा में छोटी बड़ी कन्याओं से लेकर महिलाओं तक ने सिर पर कलश धारण कर बड़ी श्रद्धा के साथ भाग लिया। जसगीत गाते हुए कलाकारों ने यात्रा को और भी आकर्षक बना दिया। यात्रा मंदिर मार्ग से निकलकर नगर के मुख्य मार्गों एवं गली मोहल्लों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए शरबत एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई थी। भक्तों की भारी भीड़ के चलते पूरे नगर में आस्था और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। लोगों ने अपने घरों के सामने चौक बनाकर कलश रखकर यात्रा का स्वागत किया और मां चंद्रहासिनी के जयकारों से पूरा चंद्रपुर गूंज उठा। इस चैत्र नवरात्रि के पर्व में मां चंद्रहासिनी के ट्रस्टी गण सामाजिक कार्यकर्ता और भक्त गण भी कलश यात्रा में शामिल हुए। चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मां चंद्रहासिनी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जा रहा है, जहां दूर दूर से भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यह भव्य कलश यात्रा चंद्रपुर की धार्मिक परंपरा, सामूहिक आस्था और संस्कृति का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आई।

## तंबाकू बिक्री करने वाले 15 पान ठेलों पर 2450 रुपए की चालानी कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में बढ़ते नशीले पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में व्यापक निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई अभियान चलाया गया।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक उपाध्याय के नेतृत्व टीम ने शहर के सिग्नल चौक एवं मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के आसपास स्थित पान ठेलों एवं तंबाकू विक्रेताओं की सघन जांच की। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में कोटपा एक्ट 2003 के नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिस पर पुलिस विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 पान ठेलों पर कुल 2450 रुपए का आर्थिक दंड वसूला। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना चेतावनी के तंबाकू एवं सिगरेट की बिक्री करना तथा अनिवार्य सूचना बोर्ड न लगाना कानूनन अपराध है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान केवल दंडात्मक कार्रवाई ही नहीं, बल्कि तंबाकू विक्रेताओं को कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अधिनियम की धारा 4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान रहित क्षेत्र का बोर्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जिसमें उल्लंघन की स्थिति में 200 रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसी प्रकार धारा 5 के अंतर्गत तंबाकू उत्पाद बेचने वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान पर तंबाकू से कैंसर होता है जैसी चेतावनी लिखी होना आवश्यक है। साथ ही धारा 6 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना तथा किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।



### सीसी निर्माण के लिए 79.44 लाख की स्वीकृति

**बिलाईगढ़।** क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरे के प्रयास से एक और बड़ा परिणाम सामने आया है। गिधौरी चौक से शिवरीनारायण महानदी पुल तक पहुँच मार्ग लंबाई 300 मीटर के सीमेंट कांक्रीट सीसी निर्माण के लिए 79.44 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे आमजन को विशेषकर बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों की लगातार मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक कविता प्राण लहरे ने इस समस्या को प्राथमिकता में रखा और शासन स्तर पर लगातार प्रयास किएए जिसके फलस्वरूप अब इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल पाई है। सीसी सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन सीएम के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**कोसीर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के समस्त विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सारंगढ़ कलेक्टरेट में एकत्रित होगर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कर्मचारियों की एकजुटता और अपने अधिकारों के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा। प्रदर्शन के उपरांत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सरकार का ध्यान कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं की ओर आकर्षित किया और शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा कराने हेतु किया जा रहा है।




#### कर्मचारियों की यह है मांग

जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स को खाते में समायोजित किया जाए। केंद्र के समान वेतनमान लागू कर वेतन विसंगतियों का निराकरण किया जाए। पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ प्रदान किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियां दूर की जाएं। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण एवं नियमित वेतनमान सुनिश्चित किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाया जाए। सभी लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इन सभी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

## विद्यार्थियों ने हिंदू नव वर्ष पर निकाली रैली, दिया संदेश

**कोसीर।** ग्राम कोसीर में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल विद्यार्थियों के द्वारा हिंदू नव वर्ष का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रैली स्कूल से हृदय स्थल और गांव के ऐतिहासिक देवी मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग से लौटकर विद्यालय पहुंची। इस दौरान भव्य झांकी भी निकाली गई, जिसमें हिंदू संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य बेदराम रत्नाकर ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और हिंदू नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन सनातन धर्म के लिए गौरव का क्षण है, क्योंकि इसी दिन प्रभु श्री राम और शकारी विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ था। वही हिन्दू नववर्ष की सभी को बधाई दी वहीं कार्य करम मे छात्र-छात्रा एवं दीदी भैया और गणमान्य नागरिक गण भारी सख्या मे उपस्थित रहे।




## विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में बिलाईगढ़ कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सत्र 2024-25 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की प्रावीण्य टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है।

महाविद्यालय की एमएससी वनस्पति शास्त्र की छात्रा मेघा देवांगन ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। वहीं एमएससी रसायन शास्त्र की छात्रा प्रीति ने सातवां स्थान हासिल कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर वनस्पति शास्त्र विभाग के शिक्षक दीपक कुमार कुर्रे, हिमांशी साहू, नैना निराला तथा रसायन शास्त्र विभाग के शिक्षक दीपक पटेल, दूज बाई भारद्वाज एवं लेविस ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र, विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष यूएस भारद्वाज एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक सुनीता विक्रम कोशले, पंकज साहू और टीएस ध्रुव सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद सीमित संसाधनों में लगातार उत्कृष्ट परिणाम देना महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यार्थियों की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा

**सरसीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसीवा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति पंजी की जांच की और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किया। इसके पश्चात उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर वहां भर्ती मरीजों की स्थिति का अवलोकन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मरीजों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अपनी अनुभव साझा किए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों की भी जांच की गई। उन्होंने दवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता तथा उनकी एक्सपायरी तिथि की विशेष रूप से समीक्षा की और संबंधित कर्मचारियों को नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में एंटीबायोटिक एवं एडवेंडजोल टैबलेट की कमी से डॉ ने अवगत कराया। इस अवसर पर संजय भूषण पाण्डेय ने सभी डॉक्टरों एवं स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

## भुगतान शिविर में हो रहा समाधान उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

**बरमकेला।** मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 अब गांव-गांव तक पहुंचने लगी है। ग्राम साल्हेओना स्थित विद्युत सबस्टेशन परिसर में भी बिजली बिल भुगतान समाधान शिविर आयोजित किया गया, जहां ग्रामीण उपभोक्ताओं ने पहुंचकर योजना की जानकारी ली और बकाया बिजली बिलों के निपटारे के लिए रुचि दिखाई। यह योजना विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आई हैए जो लंबे समय से बकाया बिजली बिल के कारण परेशान थे।

शासन की इस योजना के माध्यम से निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों एकल बत्ती उपभोक्ताओं, घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं तथा कृषि पंप धारकों को बड़ी राहत प्रदान की जा रही है।

योजना के अनुसार 31 मार्च 2023 की स्थिति में जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया हैं, उन्हें शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन पूरे सरचार्ज में छूट तथा मूल बकाया राशि में आंशिक राहत प्रदान की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को पुराने लंबित बिलों के भुगतान में सुविधा मिल रही है और वे पुनः नियमित विद्युत उपभोग की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में इस योजना को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। साल्हेओना में आयोजित शिविर में भी अनेक उपभोक्ता पहुंचे और विभागीय अधिकारियों से योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को बताया गया कि किस प्रकार वे अपने पुराने बकाया बिजली बिलों का सरल प्रक्रिया के तहत निराकरण करा सकते हैं। इससे न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि विद्युत वितरण व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित और सुचारु बन सकेगी। कनिष्ठ यंत्री किशन कुमार भोई ने बताया कि शिविर के पहले ही दिन उपभोक्ताओं की ओर से सकारात्मक प्रतिसाद देखने को मिला। उन्होंने जानकारी दी कि 10 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया, जिनमें से 9 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपनी बकाया राशि का भुगतान भी किया। इसके अलावा 20 अन्य हितग्राही शिविर स्थल पर पहुंचे और योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। यह आंकड़ा दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और वे इसका लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं।



## अपेक्स बैंक में अव्यवस्था, सुबह से शाम तक लगी रहती है भीड़

**बरमकेला।** अपैक्स बैंक में इन दिनों अव्यवस्था चरम पर है। बैंक खुलने से पहले ही किसानों, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की लंबी कतार लग जाती है, लेकिन व्यवस्थाओं के अभाव में उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि अन्नदाता सुबह से लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आते हैं। बैंक में रोज बड़ी संख्या में किसान अपने आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन न तो पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था है और न ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए समुचित इंतजाम दिखाई देते हैं।

सबसे ज्यादा परेशानी वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को हो रही है, जिनके लिए अलग से कोई सुविधा नहीं है। इससे उन्हें आम उपभोक्ताओं के साथ लंबी कतार में लगकर घंटों इंतजार करना पड़ता है। स्थिति यह भी है कि कई लोगों को अपनी बारी आने तक जमीन पर बैठकर इंतजार करना पड़ रहा है। बैंक परिसर में मौजूद भीड़ और अव्यवस्था से साफ जाहिर होता है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर बैंक प्रबंधन गंभीर नहीं है। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर कुछ किसानों ने बताया कि वे बैंक मैनेजर के रवैये से परेशान हैं। उनका आरोप है कि किसानों की समस्याओं पर मैनेजर के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती।



